# विनिर्माण और शीर्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा 10,000 करोड़ का स्टार्टअप फंड

**नई दिल्ली।** बजट में स्टार्टअप्स के लिए घोषित 10,000 करोड़ की फंड ऑफ फंड्स (एफएफएस) योजना विनिर्माण व शीर्ष प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करेगी। इन क्षेत्रों को लंबी अवधि के वित्त पोषण की जरूरत होती है।

उद्योग व आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, नई योजना अलग फंड होगी जो सुधार पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्टअप की जरूरतों को पूरा करेगी। 2016 में भी सरकार ने 10,000 करोड़ के कोष के साथ एक समान योजना शुरू की थी। एफएफएस की पहली शृंखला ने वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में मदद की है जिसने स्टार्टअप्स को बहुत जरूरी पूंजी प्रदान की है। एजेंसी




## स्टार्टअप के बड़े क्षेत्र को कवर करने में मदद मिलने की उम्मीद

बजट में घोषित दूसरी शृंखला के लिए पहले ही सिडबी के साथ सलाह की गई है। हमें उम्मीद है कि इससे स्टार्टअप के बड़े क्षेत्र को कवर करने में मदद मिलेगी, जिन्हें कई तरह के फंड की जरूरत होती है। 2016 में लॉन्च पहले एफएफएस के जरिये 1,180 से अधिक स्टार्टअप्स में एआईएफ ने 21,700 करोड़ से अधिक का निवेश किया है।